


# विवरणिका Prospectus

## 2024-25

तमसो मा ज्योतिर्गमय
असतो मा सद्गमय
गुलाब सिंह हिन्दू कालेज
चान्दपुर-स्याऊ (बिजनौर)

संस्थापित : 1962

2123



स्व. श्री राजा गुलाब सिंह जी
(स्याऊ)

# गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय

**चान्दपुर-स्याऊ (बिजनौर) उ० प्र०**




**महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली (उ०प्र०) से सम्बद्ध**

विवरणिका मूल्य: रुपये दो सौ पचास

महाविद्यालय संस्थापिका

# स्वनामधन्य श्रीमती रानी कृष्णा कुमारी जी

(धर्मपत्नी राजा गुलाब सिंह जी)



(पुण्य तिथि : 20 सितम्बर, 1979)

# स्व० कुँवर महीपाल सिंह जी (बुडगरा)

(भूतपूर्व आजीवन अध्यक्ष - महाविद्यालय प्रबन्ध समिति)



(जीवनकाल : 02.08.1935 - 10.12.2009)

# सन्देश



प्रिय छात्र/छात्राओं,

शिक्षण सत्र 2024-2025 में आप सभी का हार्दिक स्वागत है। शिक्षार्थियों के बहुमुखी व्यक्तित्व निर्माण हेतु शिक्षण संस्थाएं कार्यशाला होती हैं, जहाँ शिक्षार्थी अपने सुन्दर भविष्य का निर्माण एवं भावी विषमतम परिस्थितियों से जूझने के लिए स्वयं को तैयार करते हैं। हमारा महाविद्यालय इसके लिए तत्पर और संकल्पबद्ध है। आप महाविद्यालय में प्रवेश पाकर इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठायेंगे, ऐसी आपसे अपेक्षा है। शिक्षा एक सशक्त उपाय की तरह है , जो व्यक्ति की जीविका का साधन बनने के साथ-साथ उसके सर्वांगीण विकास का पथ प्रशस्त करती है। सदैव याद रहे कि समय अमूल्य है, आप अनुशासित होकर समय का सर्वोतम सदुपयोग कर कठोर परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, इसलिए जीवन में उद्यमशील एवं पुरूषार्थी बनकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर सदैव तत्पर रहें, सफलता निश्चित है।

नयी शिक्षा नीति के अनुकूल शैक्षणिक पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, जिसका लक्ष्य छात्रों के लिये शिक्षा को अधिक इच्छोन्मुखी , रोजगारोन्मुखी और अनुसंधानोन्मुखी बनाना है, जिससे छात्र अपने विषयानुरूप दोहरी उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकते हैं। मुझे आशा है कि आप इस अवसर का अधिकतम लाभ ले पायेंगे। नये पाठ्यक्रम के विस्तृत दिशा निर्देश विश्व विद्यालय की बेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

साथ ही , यदि आप इस महाविद्यालय में प्रवेश लेकर आदर्श एवं सफल विद्यार्थी बनने के लिए तत्पर एवं समर्पित रहते हैं तो मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि महाविद्यालय प्रबन्धतंत्र, मैं स्वयं एवं सम्पूर्ण आचार्यकुल सहयोग के लिए सदैव आपके साथ हैं। महाविद्यालय परिवार सभी नये छात्रों का स्वागत करते हुए आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**प्रो० साधना**
*प्राचार्या*

## महाविद्यालय प्रबन्ध तन्त्र

| | |
|---|---|
| कुँवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह | आजीवन अध्यक्ष |
| ठाकुर चन्द्रवीर सिंह गहलौत (एडवोकेट) | उपाध्यक्ष |
| श्री प्रशान्त कुमार (एडवोकेट) | सचिव/प्रबन्धक |
| श्री नवनीश कुमार | उपसचिव/उपप्रबन्धक |
| श्री बलकरन सिंह (एडवोकेट) | कोषाध्यक्ष |
| श्री राम नारायण सिंह (एडवोकेट) | सदस्य |
| श्री भूपेन्द्र सिंह उर्फ बाटा | सदस्य |
| डॉ० अरविन्द शर्मा (ज्योतिषाचार्य) | सदस्य |
| श्री कुश कुमार सिंह (एडवोकेट) | सदस्य |
| श्री विजय कुमार अग्रवाल | सदस्य (नामित) |
| श्री गजराज सिंह | सदस्य (नामित) |

## महत्वपूर्ण पद

| | |
|---|---|
| प्रोफे० अनिल कुमार वर्मा | अकादमिक- निदेशक |

## महाविद्यालय की महत्वपूर्ण तिथियाँ

20 सितम्बर : महाविद्यालय संस्थापिका स्व. रानी कृष्णा कुमारी जी की पुण्यतिथि

10 दिसम्बर : आजीवन अध्यक्ष स्व० कुँवर महीपाल सिंह जी (बुडगरा) की पुण्यतिथि

16 फरवरी : राजा गुलाब सिंह जी रईस की जन्म तिथि (जयन्ती)

# गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चान्दपुर-स्याऊ

## प्रगति की ओर बढ़ते कदम

गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय की स्थापना स्वनामधन्य पूजनीया स्व० रानी कृष्णा कुमारी जी ने अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति देकर अपने पति स्व० राजा गुलाब सिंह जी की युवावस्था में ही आकस्मिक निधन के बाद उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतू सन् 1962 ई० में अपने स्याऊ स्थित भवन में की थी। विकास और विस्तार को ध्यान में रखकर 6 दिस० 1965 को इसे वर्तमान स्थल पर स्थानान्तरित किया गया। रानी साहिबा अपनी आखिरी साँस तक महाविद्यालय के विकास में एक तपस्विनी की तरह समर्पित रहीं। स्व० रानी कृष्णा कुमारी जी महाविद्यालय की संस्थापिका एवं महाविद्यालय के प्रबन्धन की आजीवन अध्यक्षा भी रहीं। 20 सितम्बर, 1979 को रानी जी ने महाविद्यालय के अतिथि भवन में अपना शरीर त्यागा। उन्होंने अपनी रजिस्ट्रर्ड ट्रस्ट डीड के पैरा न० 02 के अनुरूप अपने निकटतम सम्बन्धी परम स्नेही चौ० पृथ्वीराज सिंह को तथा उनके बाद उनके सुयोग्य पुत्र कुँवर महीपाल सिंह जी को कॉलिज प्रबन्धन की बागडोर सौंपी थी। कुँवर महीपाल सिंह जी जीवन पर्यन्त महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के आजीवन अध्यक्ष रहे, जिन्हें प्रकृति के क्रूर हाथों ने 10 दिसम्बर, 2009 को हमसे छीन लिया। उनके स्थान पर परम श्रद्धेय बाबू बलचरन सिंह जी निवासी मोरना महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे। दिनांक 31.08.2011 से स्व० कुँवर महीपाल सिंह जी के सुयोग्य कनिष्ठ सुपुत्र श्री कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह आजीवन अध्यक्ष हैं, जिनकी अध्यक्षता में गठित महाविद्यालय प्रबन्धतन्त्र महाविद्यालय के सुप्रबन्धन एवं चहुँमुखी विकास को समर्पित है।

रानी कृष्णा कुमारी जी द्वारा रोपा गया शिक्षा का वह नन्हा पौधा विकसित होकर वट वृक्ष बनने की दिशा में निरन्तर अग्रसर है तथा सम्पूर्ण-चान्दपुर क्षेत्र में उच्च शिक्षा का यह सर्वसुलभ प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। महाविद्यालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली 2 (F) एवं 12 (B) के अन्तर्गत स्थायी रूप से मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा स्थायी रूप से अनुदानित/मान्यता प्राप्त तथा एम.जे.पी. रूहेलखण्ड वि.वि. बरेली (उ०प्र०) से सम्बद्ध है। इसके सभी पाठ्यक्रम पूर्णतया विधिमान्य हैं।

प्रारम्भिक वर्षों में महाविद्यालय में मात्र स्नातक कक्षाओं के विषयों का ही अध्ययन होता था। वर्ष 1982 में राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विषयों में चिरप्रतीक्षित स्नातकोत्तर कक्षायों प्रारम्भ हुई। सत्र 1999-2000 में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भूगोल, हिन्दी और अंग्रेजी विषयों में स्नातकोत्तर कक्षायों की मान्यता प्राप्त हुई। उत्तर प्रदेश शासन की कुछ नई शर्तो के कारण भूगोल, हिन्दी व अंग्रेजी में एम० ए० की कक्षायें विगत सत्रों में स्थगित रही, किन्तु सत्र 2015-16 से इन्हें संचालित करने की एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से अनुमति प्राप्त होने पर वर्तमान में कक्षाएं संचालित है। इसी के साथ-साथ विश्वविद्यालय से उर्दू, अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर स्तर पर तथा स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय एवं बी०ए० स्तर पर गृह विज्ञान व शिक्षा शास्त्र में भी कक्षाऐं प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात सत्र 2019-20 में स्थायी मान्यता भी प्राप्त कर चुकी है।

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष प्रत्येक विषय में विभागीय छात्र-परिषदों का गठन किया जाता है, जिनके माध्यम से विभागीय सेमिनार/संगोष्ठियाँ, भाषण प्रतियोगितायें, अतिथि प्राध्यापकों के व्याख्यान व भ्रमण/टूअर्स आदि कार्यक्रम सत्र के दौरान आयोजित किये जाते हैं। 17 व18 फरवरी, 2007 को महाविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक द्वि-दिवसीय अखिल भारतीय सेमीनार का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय की यह एक अद्वितीय अकादमिक उपलब्धि थी। वर्ष भर के अनुशासित अध्ययन-अध्यापन के उपरान्त भयमुक्त, नकलमुक्त एवं पारदर्शी वातावरण में विश्वविद्यालय परीक्षाओं का आयोजन इस महाविद्यालय की अपनी गौरवपूर्ण उपलब्धि रही है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर के आन्तरिक मूल्यांकन की समुचित व्यवस्था है। इस हेतू समय-समय पर आवश्यकतानुसार सभी विभागों में ''आन्तरिक मूल्याकंन परीक्षा'' आयोजित की जाती है, इसके परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाता है। उन्हें उनकी उत्तर-पुस्तिका अवलोकित करायी जाती हैं तथा शिक्षार्थियों को उनके अन्दर की कमियों को बताकर उनके अकादमिक स्तर को प्रोन्नत किया जाता है। शिक्षार्थियों के ज्ञान के सर्वागीण विकास हेतू विभिन्न विभागों में विषयों पर सामूहिक परिचर्चा, व्याख्यान मालायें व संगोष्ठियाँ आदि आयोजित की जाती हैं। इन कार्यों में विभिन्न विभागों की छात्र-परिषदों का विशेष सक्रिय योगदान रहता है। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, नेतृत्व प्रबन्ध क्षमता तथा उनके ज्ञान का यथेष्ट मूल्यांकन विभागीय प्राध्यापकों द्वारा समय-समय पर किया जाता है। महाविद्यालय द्वारा ऐसे आयोजनों में शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतू उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है तथा आवश्यकतानुसार उन्हें फीडबैक उपलब्ध कराया जाता है।

## प्राचार्य, प्राध्यापक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी संवर्ग

वर्तमान समय में महाविद्यालय में प्राचार्य सहित कुल 33 सुयोग्य प्राध्यापक/प्राध्यापिकायें हैं जिनमें 24 स्थायी, 09 स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत एवं शेष अस्थायी-अंशकालिक रूप से प्रबन्धकीय व्यवस्था में नियुक्त हैं। सभी प्राध्यापक यू०जी०सी० योग्यताधारी हैं।

शिक्षणेतर कर्मचारी संवर्ग के अन्तर्गत कार्यालय में 03 व भूगोल में एक लैब सहायक सहित कुल 04 लिपिक व कुल 05 कार्यपालक हैं। इसके अतिरिक्त 05 लिपिक व 10 कार्यपालक भी अस्थायी/अंशकालिक रूप से कार्यरत हैं। पुस्तकालय को सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रबन्धकीय व्यवस्था के अन्तर्गत पुस्तकालयाध्यक्ष, कैटलॉगर व दो कार्यपालकों की व्यवस्था किये जाने की योजना है।

## शोध निर्देशन

हिन्दी में प्रो० साधना, समाजशास्त्र में प्रो० अनिल कुमार वर्मा, राजनीति विज्ञान में प्रो० दिनेश सिंह एवं भूगोल विषय में प्रो० महीपाल सिंह कई वर्षों से शोध कार्य करा रहे हैं और अनेक शोधार्थी इनके योग्य निर्देशन में पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं।

## स्नातक स्तर पर अध्यापन के विषय

**एक शैक्षणिक सत्र का तात्पर्य उस सत्र के दो सेमेस्टर से है।**

**बी.ए./बी.कॉम के छात्र/छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण-निर्देश :**

1. बहुविषयकता सुनिश्चित करने के लिये स्नातक स्तर पर माइनर-1 वैकल्पिक प्रश्नपत्र प्रत्येक छात्र को किसी भी चौथे विषय (अभ्यर्थी द्वारा तीन प्रमुख विषयों के अतिरिक्त से चयनित करना होगा।
2. तीसरे मुख्य विषय तथा माइनर-1 वैकल्पिक प्रश्नपत्र का चयन इस प्रकार किया जायेगा कि इनमें से कम एक कम अनिवार्यत: अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय से है
3. मुख्य विषयों तथा माइनर-1 के अन्तर्गत बैकल्पिक प्रश्नपत्रों का उत्तीर्ण अंक 33 प्रतिशत होगा।
4. माइनर-2 के अंतर्गत कौशल-विकास व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत चारों प्रश्नपत्रों का उत्तीर्ण अंक 40 प्रतिशत होगा।
5. माइनर-3 के अंतर्गत सहगामी पाठ्यक्रम का उत्तीर्ण अंक 40 होगा।
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत 03 विषयों वाले त्रिवर्षीय कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा एक वर्ष (दो सेमेस्टर का पाठ्यक्रम पूरा करने पर सर्टिफिकेट के साथ निकास, दो वर्ष (चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम पुरा करने पर डिप्लोमा के साथ निकास की की अनुमति होगी और तीन वर्ष (छः सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम पूरा करने पर ही स्नातक उपाधि प्राप्त होगी। विद्यार्थी का निर्गत सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा पर उसके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त रोजगारपरक प्रशिक्षण का स्पष्ट उल्लेख किया जायेगा। विद्यार्थी निकास के बाद अगले स्तर पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमानुसार पुन: प्रवेश ले सकेगा।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कला संकाय को दो भागों में बांटा गया है-**

**प्रथम कला संकाय (Art's Faculty) विषय**-समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, शारीरिक शिक्षा, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान

**द्वितीय भाषा संकाय (Language Faculty) विषय**-हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू

**वाणिज्य संकाय (Commerce Faculty) विषय**-ग्रुप 'ए', ग्रुप 'बी', ग्रुप 'सी'

प्रवेश के समय विद्यार्थियों को तीन मुख्य विषय आवंटित किये जायेंगे, जिस छात्र के पास दो भाषा के विषय हैं वह छात्र अब भाषा संकाय का विद्यार्थी माना जायेगा तथा जिसके पास दो अन्य विषय या एक अन्य विषय है, वह कला संकाय का विद्यार्थी माना जायेगा।

**नोट:- ध्यातव्य है कि महाविद्यालय में गृह विज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र विषय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कक्षाएं सत्र 2015-16 से प्रारम्भ हो चुकी हैं। इन विषयों में प्रवेश स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत ही होगा।**

**विशेष नोट:- शिक्षा सेवा क्षेत्र में हिन्दी साहित्य के साथ संस्कृत का अथवा दो सामाजिक विषयों का चयन अनिवार्य है।**

**परास्नातक विषय:- राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र (वित्तपोषित विषय)**

**अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, भूगोल, उर्दू (स्ववित्तपोषित विषय)**

## प्रवेश हेतू न्यूनतम अर्हताऐं

**बी०ए० एवं बी० कॉम० प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर** — 1. यू.पी. इलाहाबाद की इण्टरमीडिएट परीक्षा या अन्य कोई समकक्ष परीक्षा जिसे एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली (उ०प्र०) द्वारा वर्ष में प्रवेश हेतू मान्यता प्रदान की गयी हो।

**एम०ए० प्रथम सेमेस्टर** — इस महाविद्यालय अथवा रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी अन्य महाविद्यालय से स्नातक की परीक्षा यूनतम 45% अकों से उत्तीर्ण की हो।
अनुसुचित जाति एवं जनजाति हेतु न्यूनतम अंक सीमा 40 प्रतिशत निर्धारित है।

## शैक्षणिक सत्र, प्रवेश सम्बन्धी नियम एवं प्रक्रिया

1 . विगत वर्ष से अपेक्षित है कि स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक प्रवेशार्थियों को प्रवेश हेतू आवेदन ऑन लाईन करना अनिवार्य होगा। ऑन लाईन आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा जारी नियम व शर्तों के अनुरूप ही किया जायेगा। ऑन लाईन आवेदन के बिना इन कक्षाओं में प्रवेश सम्भव नहीं होगा। इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी दिशा निर्देश महाविद्यालय के सूचना पट पर लिखे जाते रहेंगे। इसलिये सूचना पट का अवलोकन अनवरत करते रहें। यदि किसी तकनीकी कारण से बी०ए० एवं बी०कॉम० प्रथम एव एम०ए० प्रथम वर्ष की कक्षाओं में ऑन लाईन पंजीकरण प्रक्रिया बाधित हो जाती है तो उस स्थिति में प्रवेश पूर्व की भांति ही किये जायेंगे।

2 . स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक प्रत्येक अभ्यर्थी की चाहें उसने इस महाविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण ही है या किसी अन्य महाविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर यहाँ आ रहे है, कार्यालय से विवरणिका *(Prospectus)* प्राप्त करने हेतू निर्धारित शुल्क रू० 250/- जमा करना होगा। विवरणिका पत्रिका के अन्त में आवेदन पत्र संलग्न है। विवरणिका को ध्यान पूर्वक पढ़ने के पश्चात सभी प्रविष्टियां पूर्ण कर निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करना होगा। किसी भी दशा में अपूर्ण आवेदन पत्र पत्र प्रवेश समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ गत परीक्षाओं के प्रमाण पत्रों तथा अंक तालिकाओं की प्रमाणित प्रतिलिपियां, अन्तिम संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र व टी.सी. भारांक प्रमाण पत्र आदि संलग्न होना चाहिए।

3 . प्रव्रजन प्रमाण-पत्र *(Migration Certificate)* मूल रूप से उन विद्यार्थियों के लिये जमा करना आवश्यक है, जिन्होंने इण्टरमीडिएट परीक्षा या इसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा यू०पी० बोर्ड के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड से उत्तीर्ण की है। इसी प्रकार स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के वे अभ्यर्थी जिन्होंने एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से परीक्षायें उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें भी प्रवजन प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा, ऐसे विद्यार्थियों को इस विश्वविद्यालय का नामांकन पत्र भी भरना होगा।

4 . विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश अभ्यर्थी की योग्यता तथा साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश समितियों द्वारा किये जायेंगे।

5 . महाविद्यालय में प्रवेश महाविद्यालय के प्रवेश सम्बन्धी नियमों, शासन व एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से समय-समय पर प्राप्त नियमों एवं निर्देशों के अनुसार ही किये जायेंगे।

6 . यदि प्रवेश हेतु स्थान रिक्त रहे तो महाविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक सीमा से छूट दी जा सकती है, किन्तु किसी भी अवस्था में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक सीमा में छूट नहीं दी जा सकती।

7 . अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के प्रवेश के सम्बन्ध में राजकीय आदेशों का पालन होगा।

8 . जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश -समिति के द्वारा प्रवेश के योग्य समझा जायेगा उनके नाम की सूचना सूचनापट्ट *(Notice Board)* पर लगा दी जायेगी। सूचनापट्ट पर लगी सूचना में नाम आ जाने पर निर्धारित तिथि तक अभ्यर्थी को कार्यालय में शुल्क जमा करना होगा। ऐसा न करने पर उनका नाम प्रवेश हेतु योग्यता सूची से पृथक कर दिया जायेगा।

9 . यदि अभ्यर्थी को न्यायालय द्वारा दण्डित किया जा चुका है अथवा उसके विरूद्ध गंभीर अपराधिक अभियोग न्यायालय में विचाराधीन या जिसे रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय अथवा अन्य किसी विश्वविद्यालय या उससे सम्बद्ध किसी महाविद्यालय से उद्दण्डता, अभद्रता, अशिष्टता या अनुशासनहीनता के आरोप के फलस्वरूप निकाल दिया गया है और उसने तथ्यों को छिपाकर किसी तरह प्रवेश ले लिया है, तथ्यों के स्पष्ट हो जाने पर ऐसे विद्यार्थियों का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

10. अनुत्तीर्ण विद्यार्थी चाहे वह इस संस्था अथवा अन्य किसी संस्था से सम्बन्धित है, उसे किसी भी दशा में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा।

11. प्रवेश के लिए मैरिट सूची तैयार करते समय प्रतिवर्ष के अन्तराल का दो अंक (02 प्रतिशत) घटाकर प्रवेश सूची तैयार की जायेगी

12. प्रवेश के इच्छुक किसी अभ्यर्थी का आगामी कक्षा में प्रवेश लेने पर यदि एक से तीन वर्षों का गैप (अन्तराल) आ रहा है, तो उसे प्रवेश प्रार्थना-पत्र के साथ गैप का शपथ-पत्र *(Affidavit)* संलग्न करना होगा।
13. प्रवेश हेतु साक्षात्कार के समय प्रार्थी आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र लेकर उपस्थित हों।
14. बी.ए. प्रथम, बी० कॉम० प्रथम एवं एम०ए० प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अन्तिम तिथियाँ विश्वविद्यालय निर्देशों के अनुरूप होगी।
15. शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने हेतु सभी जाति-वर्ग के छात्र/छात्राओं को प्रवेश के समय ही अपने जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र व स्थायी निवास प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। टी. सी. *(Transfer Certificate)* की मूल प्रति जमा करनी होगी।
16. एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा निर्गत प्रवेश नियमावली 2019-20 के खण्ड 'क' के बिन्दु 19 (क) से यह सुस्पष्ट है कि विश्वविद्यालय परीक्षा में अभद्र व्यवहार करने वाले विद्यार्थियों की शिकायत प्राप्त होने पर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश देने से रोका जा सकता है। इस सम्बन्ध में प्रवेश समिति का निर्णय विद्यार्थी को मान्य होगा।
17. विश्वविद्यालय परिनियमावली के खण्ड 'क' के बिन्दु 19 (ख) के अनुसार वह विद्यार्थी जो पुलिस अभिलेखों के अनुसार हिस्ट्री शीटर है अथवा अपराध में दोषी सिद्ध पाया गया है अथवा किसी अपराधिक मुकदमें में शामिल है, को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा और यदि प्रवेश पा चुका है तो उसका प्रवेश किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा।
18. उक्त परिनियमावली के बिन्दु 19 (ग) के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य महाविद्यालय में अनुशासन बनाने रखने की दृष्टि से किसी भी अभ्यर्थी के प्रवेश अथवा पुनः प्रवेश को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकते हैं, मना कर सकते हैं, भले ही मामला जैसे भी हो।
19. विश्वविद्यालय प्रवेश परिनियमावली के खण्ड क के बिन्दु 19 (ड) में स्पष्ट किया हुआ है कि जो विद्यार्थी प्राचार्य/प्रोक्टोरियल स्टाफ सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं सहपाठियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, गुण्डागिरी, रैगिंग अथवा महाविद्यालय के अधिकारी वर्ग के प्रति निन्दनीय वातावरण का सृजन करेगा उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा तथा भविष्य में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
20. उक्त परिनियमावली के ही खण्ड 'ख' के बिन्दु 11 के अनुसार प्राचार्य किसी भी छात्र को संस्था के हित एवं अनुशासन बनाये रखने के उद्देश्य के लिए बिना कारण बताये प्रवेश के लिए मना कर सकते हैं। किसी भी छात्र का प्रवेश नियमों के विपरीत पाये जाने पर प्राचार्य उसे निरस्त कर सकते हैं।
21. महाविद्यालय एवं छात्रहित में आवश्यकतानुसार प्रवेश के नियमों में परिवर्तन किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में प्राचार्य के अधिकार सुरक्षित हैं।

## नामांकन-पत्र, प्रव्रजन प्रमाण-पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र और चरित्र प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में :-

1. बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को तथा एम.जे.पी. रूहलेखण्ड विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य किसी विश्वविद्यालय से स्थानान्तरण होकर आने वाले अभ्यर्थी को प्रवेश के समय अथवा प्रवेश ले लेने के पश्चात नामांकन पत्र भरकर महाविद्यालय कार्यालय में जमा करना होगा।
2. प्रव्रजन प्रमाण-पत्र *(Migration Certificate)* मूल रूप में अभ्यर्थी को कार्यालय में जमा करना होगा।
3. महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु पूर्व विद्यालय या महाविद्यालय से स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) महाविद्यालय में जमा करना होगा, जहाँ प्रवेश लिया जाना है। इस प्रमाण-पत्र की फोटो स्टेट कापी प्रवेश प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी तथा मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र महाविद्यालय कार्यालय में जमा करना होगा।
4. छात्र या छात्रा को इस महाविद्यालय से केवल एक बार ही टी.सी.दी जा सकेगी।
5. महाविद्यालय से चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्ति हेतु प्रार्थना-पत्र मुख्य अनुशासक (चीफ प्रॉक्टर) से अग्रसारित कराकर कार्यालय में प्रस्तुत करें। चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्ति हेतु प्रार्थना-पत्र भी केवल एक बार दिया जायेगा।

   नोटः- इस महाविद्यालय के छात्र/छात्रा को इसी महाविद्यालय की आगामी कक्षा में प्रवेश लेने के लिये आवेदन-पत्र में चरित्र प्रमाण-पत्र संलग्न करने की आवश्कता नहीं है।

असतो मा सद्गमय
गुलाब सिंह हिन्दू कालेज
चान्दपुर-स्याऊ (बिजनौर)
संस्थापित : 1982

## प्रवेश में आरक्षण *(Reservation)*

निम्नलिखित श्रेणी के छात्रों का निम्नलिखित प्रतिशत के आधार पर प्रवेश में आरक्षण होगा। यह आरक्षण सम्बन्धित श्रेणी की मैरिट के आधार पर मिलेगा।

| | |
|---|---|
| (अ) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति | 21% व 02% क्रमशः |
| (ब) अन्य पिछड़ा वर्ग | 27 % |
| (स) **EWS** (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | 10 % |

(द) दिव्यांग/स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित एवं भूतपूर्व सैनिक के लिए प्रवेश में क्रमशः 03%, 02% तथा 01% का क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जायेगा।

**नोटः- यदि किसी आरक्षण वर्ग की सीटों की पूर्ति नहीं हो पाती है, तो उसकी पूर्ति सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों से की जायेगी। आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं छात्रों को मिलेगा जो स्थायी रूप से उत्तर-प्रदेश में निवास कर रहे हैं।**

## एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित भारांक :-

(अ) राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, खेलकूद में भागीदारी और खेल-कूद में विशिष्ट उपलब्धियों के लिये भारांक ................ 10 अंक

(ब) विश्वविद्यालय टीम में प्रतिनिधित्व ................ 05 अंक

(स) विश्वविद्यालय/सम्बद्ध महाविद्यालय के (सेवारत/सेवानिवृत्त) कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी .. 10 अंक

(द) एन.सी.सी. के 'सी' प्रमाण पत्र/जी-II प्रमाण पत्र ................ 10 अंक

(य) एन.सी.सी. के 'बी' प्रमाण पत्र/जी-I प्रमाण पत्र ................ 05 अंक

(र) एन.एस.एस. के दो शिविर पूर्ण करने तथा 240 घंटे की सेवायें ................ 10 अंक

(ल) एन.एस.एस. का एक शिविर तथा 240 घंटे की सेवायें अथवा 240 घंटे अथवा 120 घंटे तथा एक शिविर ................ 05 अंक

(व) 12वीं कक्षा स्तर तक एक स्काउट/गाईड तृतीय सोपान परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ................ 05 अंक

(स) प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत ................ 10 अंक

(प) भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति/प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत ................ 10 अंक

(ह) रोबर्स/रेंजर्स निपुण परीक्षा उत्तीर्ण ................ 05 अंक

**नोटः- किसी भी स्थिति में प्रवेशार्थी को 10 अंक से अधिक "भारांक" नहीं दिये जायेंगे तथा शैक्षिक योग्यता व आधार पर प्रदत्त श्रेणी की मान्यता यथावत रहेगी।**

## प्रवेश की आवश्यकता शर्तें :-

1. प्रत्येक अभ्यर्थी का महाविद्यालय में प्रवेश *(Admission)* तब तक अस्थाई माना जायेगा (i) जब तक वह नियमानुसा महाविद्यालय के सभी शुल्क महाविद्यालय -कार्यालय में जमा नहीं कर देता। (ii) जब तक वह नियमित रूप से अपनी कक्षाउ में आना प्रारम्भ नहीं कर देता (iii) जब तक अपेक्षित सभी प्रमाण-पत्र कार्यालय में जमा नहीं कर देता। उक्त शर्तें पूर्ण कर ले पर ही प्रवेश स्थाई समझा जायेगा। शर्तें पूर्ण न होने पर प्रवेश स्वयं निरस्त समझा जयेगा। प्रवेश के बाद भी यदि किर छात्र/छात्रा के व्यवहार तथा चरित्र के विषय में कोई असन्तोषजनक तथ्य मिलते हैं तो ऐसे छात्र/छात्राओं का प्रवेश रद्द कर दि जायेगा।

2. केवल संस्था के भूतपूर्व छात्रों को प्रयोगात्मक कक्षाओं में अध्ययन की अनुमति शिक्षण शुल्क तथा प्रयोगशाला शुल्क लेव दी जा सकती है।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
असतो मा सदगमय
गुलाब सिंह हिन्दू कालेज
चान्दपुर-स्याऊ (बिजनौर)

## राष्ट्रीय सेवा योजना *(N.S.S.)*

महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयां (छात्र एवं छात्रा) हैं। इस योजना का लाभ केवल स्नातक स्तर के विद्यार्थी ही उठा सकते हैं। एन.एस.एस. में प्रवेश हेतु छात्र परियोजनाधिकारी डॉ० ज्ञानेन्द्र सिंह से तथा छात्रा परियोजनाधिकारी डॉ० मीनाक्षी चौहान से सम्पर्क करें।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर *(N.C.C.)*

महाविद्यालय में नेशनल कैडेट कोर के दो प्लाटून हैं, जिसमें एक प्लाटून छात्रों की तथा दूसरी छात्राओं की है जिसमें अधिकत 105 सीट हैं। केवल स्नातक कक्षाओं के छात्र/छात्राएं इसमें भर्ती हो सकते हैं। इच्छुक छात्र/छात्रायें एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्ट प्रोफे० अशोक कुमार से एन.सी.सी. कक्ष में सम्पर्क कर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर स्थान पा सकते हैं।

## खेल-कूद

महाविद्यालय में क्रिकेट, कबड्डी, हॉकी, फुटबाल, वॉलीबॉल, सॉफ्टबाल, नेटबॉल एवं एथलेटिक्स आदि खेलों क सुविधायें उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में विशाल क्रीड़ा मैदान एवं दो बैडमिन्टन कोर्ट महाविद्यालय परिसर में हैं, जहां इन खेलों का अभ्या कराया जाता है। खेलकूद में रूचि रखने वाले छात्र/छात्रायें क्रीडा सचिव प्रोफे० अशोक कुमार, प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा एवं श्री सन् कुमार असि० प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा से सम्पर्क कर सकते हैं। हमारे महाविद्यालय की टीमों/खिलाड़ियों ने समय-समय प विश्वविद्यालयी, अन्तर्विश्वविद्यालयी एवं प्रान्तीय स्तरीय खेलों में प्रतिनिधित्व किया है। वर्ष 2004 से 2008 तक एवं 2016 से 201 तक महाविद्यालय की पुरूष कबड्डी टीम अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिता में चैम्पियन रही है। महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल, बेसबॉ एवं नेटबॉल महिला एवं पुरूष टीमें भी समय-समय पर अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिता में चैम्पियन टीम रही है।

## दिव्यांग एवं वंचित समूह सहायता योजना-प्रकोष्ठ

शारीरिक रूप से विकलांग विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में अनेक सुविधायें उपलब्ध है। विकलांग छात्र/छात्रायें दिव्यां सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० जैनुल आबीदीन से सम्पर्क कर आवश्यकतानुसार सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## समस्या निवारण प्रकोष्ठ

छात्रों की विभिन्न समस्याओं के निवारण हेतु महाविद्यालय में छात्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है, जिसक प्रभारी प्रोफे० दिनेश सिंह हैं। असंतुष्ट होने पर विद्यार्थी विश्वविद्यालय के शिकायत अधिकारी को अपनी शिकायत नियमानुसार भे सकते हैं।

## चिकित्सा सुविधा

महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के लिए चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध हैं। एक योग्य डॉक्टर की सेवायें छात्र/छात्राओं क उपलब्ध रहेंगी। इस सम्बन्ध में छात्र/छात्रायें डॉ० मीनाक्षी चौहान (प्रवक्ता, अर्थशास्त्र) से सम्पर्क करें, जिनके निर्देशन में चिकित्स सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
असतो मा सद्गमय
गुलाब सिंह हिन्दू कॉलेज
चान्दपुर-स्याऊ (बिजनौर)
संस्थापित : 1962

## कैरियर गाइडेन्स एवं प्लेसमेन्ट सैल

छात्र/छात्राएं कैरियर एवं प्लेसमेन्ट सम्बन्धी जानकारी के लिए प्रोफे० अनिल कुमार वर्मा, डॉ० अभिषेक कुमार जायसवाल ए डॉ० प्रदीप कुमार तालान एवं श्री आस मौहम्मद से सम्पर्क करें।

## महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

उ०प्र० सरकार के शासनादेशों के सन्दर्भ में महाविद्यालय में एक महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है जिसकी प्रभारी प्रोफे० साधना एवं डॉ० श्रीमती अखिलेश, डॉ० संतोष देवी एवं डॉ० रीना प्रताप सिंह, डॉ० मीनाक्षी चौहान सदस्या हैं। यदि किसी छात्रा के सा छेड़खानी/मानसिक उत्पीड़न आदि की घटना होती है तो वह महिला प्रकोष्ठ प्रभारी को इसकी सूचना तुरन्त दें, जिससे समयान्तर्ग कार्यवाही संभव हो सके।

## सूचना प्रकोष्ठ/मीडिया सूचना सम्प्रेषण समिति

1. डॉ० अभिषेक कुमार जायसवाल (प्रभारी/प्रवक्ता)
2. प्रोफे० अनिल कुमार वर्मा
3. प्रोफे० अशोक कुमार
4. डॉ० जैनुल आबीदीन

## विभागीय छात्र परिषद

प्रत्येक विभाग में छात्र परिषद का गठन किया जायेगा जिसके समन्वयक डॉ० प्रदीप कुमार तालान हैं।

## छात्रवृत्तियां

आवेदन पत्र के साथ ही जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र तथा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मार्कशी की प्रमाणित छाया प्रतियां कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपना खाता स्थानीय स्टेट बैंक में खुलवायें। छात्रवृ का धन विद्यार्थियों के खातों में सीधे शासन द्वारा जमा कराया जाता है। खाते में धन न आने की दशा में विद्यार्थी सीधे समाज कल्या विभाग से ही सम्पर्क करें। छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जानकारी के लिए नोडल अधिकारी डॉ० दिनेश सिंह एवं कार्यालय अधीक्षक डॉ नवीन कुमार राजपूत से सम्पर्क करें।

## अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रवृत्ति

अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति - डॉ० कुलदीप (प्रभारी) व श्री मुनीश कुमार (सदस्य)

अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग छात्रवृत्ति - प्रोफे० दिनेश सिंह (प्रभारी) व राजेन्द्र कुमार, लिपिक (सदस्य)

## सामान्य जाति संवर्ग छात्रवृत्ति

प्रभारी श्रीमती अखिलेश एवं कार्यालय अधीक्षक डॉ नवीन कुमार राजपूत

नोट-छात्रवृत्ति आवेदन करने वाले विद्यार्थी ध्यान रखें कि वे केवल एक ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें। विपरीत स्थिति की जानक होने पर अपात्रता हेतु वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## शुल्क-मुक्ति तथा छात्र सहायता कोष :-

1. विषय परिवर्तन, शुल्क-मुक्ति अथवा छात्र सहायता कोष से सहायता हेतु आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र ही स्वीकृत किये जायेंगे। इस हेतु घोषित अन्तिम तिथि के पश्चात् आवेदन-पत्र नहीं लिये जायेंगे।
2. आवेदन पत्र जमा करते समय सम्बन्धित लिपिक से इस आशय की रसीद प्राप्त कर ली जाये।
3. शुल्क-मुक्ति में खिलाड़ियों तथा ऊँची मैरिट के विद्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी।
4. किसी भी प्रकार की छात्रवृत्ति पाने वाले को सामान्य: शुल्क मुक्ति या छात्र सहायता कोष से सहायता नहीं मिलेगी।
5. शुल्क-मुक्ति अथवा छात्र सहायता हेतु आवेदन-पत्र देने वाले विद्यार्थियों को सम्बन्धित समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो अनिवार्य है।
6. सहायता कोष से शुल्क सहायता का निर्णय छात्र सहायता कोष समिति द्वारा किया जायेगा। जिन विद्यार्थियों को शुल्क-मुक्ति मिल चुकी उन्हें सामान्यत: छात्र सहायता कोष से सहायता नहीं दी जायेगी।
7. निर्धन एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिये जो महाविद्यालय शुल्क का भुगतान करने में असमर्थ हैं, उन्हें शिक्षा पूर्ण करने हेतु शिक्षण-शुल्क पूर्ण और अर्द्ध छूट की व्यवस्था है।
8. शुल्क में पूर्ण अथवा अर्द्ध छूट जो किसी छात्र/छात्रा को उसकी पात्रता आदि देखकर दी गई है तभी तक जारी रहेगी जब तक उसकी प्रग उपस्थिति और व्यवहार महाविद्यालय प्राचार्य, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के प्रति ठीक है। अनुशासनहीनता, अशिष्टता, अभद्र अथ उद्दण्डता का कोई अवांछनीय कृत्य होने पर वह शुल्क-मुक्ति अविलम्ब बन्द कर दी जायेगी।
9. जिन छात्र/छात्राओं के अभिभावकों की मासिक आय शासन द्वारा निर्धारित आय सीमा से अधिक पायी जायेगी। उन्हें शुल्क में कोई शु मुक्ति नहीं दी जायेगी।
10. शुल्क मुक्ति के इच्छुक छात्र/छात्रा जब अपने पिता अथवा संरक्षक की आय का प्रमाण-पत्र निर्धारित तिथि के भीतर कार्यालय में जमा देंगे तभी शुल्क मुक्ति का निर्धारित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त हो सकेगा।
11. शुल्क में छूट चाहने वाले छात्र/छात्रा निर्धारित प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरकर कार्यालय में जमा कर दें। ऐसे विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अ शुल्क-मुक्ति के प्रपत्र पर अपने पिता या संरक्षक की आय को, जिसमें महंगाई-भत्ता आदि सम्मिलित हैं, विभागीय अधिकारी से प्रमाणित करा
12. यदि किसी विद्यार्थी से आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में धोखाधड़ी पकड़ी जाती है, तो उसे अन्य दण्ड के साथ महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।

## महाविद्यालय सुव्यवस्था हेतु कुछ महत्वपूर्ण निर्देश

1. विद्यार्थियों द्वारा शुल्क काउन्टर पर फीस कर देने के पश्चात उन्हें वहाँ से शुल्क रसीद, परिचय-पत्र तथा स्लिप दी जायेगी। प्रवेश स्लिप प्र कर लेने पर प्रत्येक विद्यार्थी उसे अपने सम्बन्धित प्राध्यापक के समक्ष प्रस्तुत करके अपना अनुभाग (Section) सुनिश्चित करेगा। अ सेक्शन पता कर लेने के पश्चात सम्बन्धित प्राध्यापकों द्वारा हस्ताक्षरित स्लिप पुन: कार्यालय में जमा करानी होगी।
2. विषय चयन कर लेने के उपरान्त विषय परिवर्तन तब तक नहीं होगा जब तक कि उस विषय से सम्बन्धित प्राध्यापकों की सहमति न हो प्राचार्य द्वारा अनुमति न दे दी जाये। विषय परिवर्तन निर्धारित आवेदन-पत्र पर ही हो सकेगा। महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के उपरान्त विषय परिवर्तन नहीं होगा।
3. विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु जब भी साक्षात्कार होगा, अभ्यर्थियों को उस समय प्रवेश समिति के समक्ष अपनी मूल अंक तालिका आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे। मूल अंक तालिका/प्रमाण पत्र दिखाये बिना कोई प्रवेश स्थायी नहीं हो सकता।
4. महाविद्यालय द्वारा घोषित समय सारणी में छात्र/छात्राओं के कहने पर कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
5. विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने पर जब किसी विषय में एक से अधिक अनुभाग हो जायेंगे तब किस विद्यार्थी को किस अनुभाग में रहना होगा प्राचार्य निर्देश पर निर्भर होगा। अनुभाग परिवर्तन कराने हेतु छात्रगण प्राध्यापकों से अनावश्यक आग्रह न करें।
6. महाविद्यालय परिसर में किसी भी विद्यार्थी को धूम्रपान अथवा किसी अन्य मादक द्रव्य व्यसन या नशीली वस्तु के प्रयोग की अनुमति नहीं है
7. सभी छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे रिक्त घण्टों में समय का सदुपयोग पुस्तकालय और वाचनालय में जाकर करें।
8. अनुशासनहीनता करने पर किसी भी छात्र/छात्रा को निलम्बित अथवा निष्कासित किया जा सकता है।
9. छात्राएं अपने खाली समय में छात्रा कॉमन रूम (Girl's Common Room) पुस्तकालय और वाचनालय का प्रयोग करें।
10. किसी भी छात्र/छात्रा का अनावश्यक रूप से व्याख्यान कक्षों, विभागीय कक्षों या प्राचार्य कार्यालय के सामने बरामदों में घूमना वर्जित है
11. महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं से यह अपेक्षा है कि वे महाविद्यालय की गरिमा के अनुरूप ही महाविद्यालय परिसर में आचरण को छात्र/छात्राओं की सहयोगी और अनुशासनात्मक प्रवृत्ति से ही महाविद्यालय की प्रगति सम्भव है।

12. महाविद्यालय के संस्थागत छात्र/छात्राओं के अतिरिक्त यदि कोई अन्य बाह्य व्यक्ति कार्यालय में अथवा प्राचार्य के पास किसी कार्य से आता है तो वह मुख्य द्वार से कार्यालय/प्राचार्य कक्ष में जाकर अपना कार्य सम्पन्न करायें। महाविद्यालय परिसर में अध्ययन के समय इनको घूमने की अनुमति नहीं होगी।
13. शासनादेशानुसार छात्र/छात्राओं के लिए महाविद्यालय कैम्पस में मोबाइल फोन पर प्रतिबन्ध रहेगा।
14. छात्र/छात्रायें महाविद्यालय द्वारा निर्धारित वेष में ही महाविद्यालय आयें। नये प्रवेशार्थी को प्रवेश लेने के एक माह के अन्दर महाविद्यालय द्वारा निर्धारित ड्रेस बनवाना अनिवार्य होगा। पुराने छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश तभी दिया जायेगा जब वह ड्रेस कोड में आयेंगे।
